भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †3288**

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण, 1946 (शक)

## खेल अवसंरचना का विकास

**†3288. श्री प्रदीप कुमार सिंह:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संपूर्ण देश में खेल अवसंरचना के विकास के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार में खेल अवसंरचना के विकास के संबंध में कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए तथा उनकी स्वीकृति की स्थिति क्या है; और

(घ) देश भर में विशेष रूप से बिहार में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं की जिलावार तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश भर में खेल अवसंरचनाओं के विकास सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इसके अलावा, इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिनके तहत, खेल अवसंरचनाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-आधारित स्कीमे हैं। इन स्कीमों के तहत पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त होना एक सतत प्रक्रिया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है। बिहार राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण सार्वजनिक डोमेन में मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर उपलब्ध है।

****